nandgaon times 15nov-4.qxd 11/15/2024 12:01 AM Page 1

राजनीति में हैसियत जैसे हल्के... पृष्ठ 2 | युवक पर ब्लेड से वार, एक गिरफ्तार... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


शुक्रवार, 15 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 34, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान से बदलेगी छत्तीसगढ़ के आदिवासी गांवों की तस्वीर : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय लोक नृत्य महोत्सव का किया भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर आज रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव का देवगुड़ी में पूजा-अर्चना और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत दो दिनों तक विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी, जनजातीय चित्रकला प्रदर्शनी के साथ-साथ देश के 21 राज्यों के 28 आदिवासी नर्तक दलों द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने लोगों को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भगवान बिरसा मुंडा सहित शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गेंद सिंह, गुण्डाधुर को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करके जनजातीय समुदाय का गौरव बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री जी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समुदाय की जितनी चिंता की है, उतनी किसी ने नहीं की है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश की 10 करोड़ जनजातीय आबादी के कल्याण के लिए पृथक मंत्रालय बनाया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय के गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बिहार के जमुई से कल 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी गांवों के समग्र विकास के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए 80 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान है। इससे छत्तीसगढ़ राज्य के 6,691 आदिवासी गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास और जनजातीय समुदाय के कल्याण के काम होंगे। कार्यक्रम के आरंभ में सभी 21 राज्यों के आदिवासी नर्तक दलों के आकर्षक मार्चपास्ट के दौरान लोगों ने करतल ध्वनि कर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आदिम जाति कल्याण



मंत्री श्री रामविचार नेताम ने स्वागत उद्बोधन दिया और कहा कि यह आयोजन कला, संस्कृति, परंपरा और देश की रक्षा के लिए प्राणों का न्यौछावर करने वाले महापुरूषों को नमन करने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के बेहतरी के काम तेजी से कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव आदिम जाति कल्याण विभाग श्री सोनमणि बोरा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मोहारा पुन्नी मेला स्थल में नव निर्मित सांस्कृतिक मंच का महापौर ने किया लोकार्पण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मोहारा पुन्नी मेला स्थल में विकास कार्य एवं सौदर्यीकरण के लिये मुख्यमंत्री घोषणा अंतगर्त 2 करोड रूपये राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई। स्वीकृति के तहत मेला स्थल में निर्मित सांस्कृतिक मंच का महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने इस वर्ष आयोजित तीन दिवसीय पुन्नी मेला के प्रथम दिन आयोजित कार्यक्रम में पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, शिवनाथ तट रक्षक समिति के अध्यक्ष श्री डी.सी. जैन, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह व श्री अमीन हुद्दा, वार्ड पार्षद श्रीमती सरिता प्रजापति व श्री अरूण देवांगन, पार्षद श्री संजय रजक व श्री केवल साहू, पूर्व पार्षद श्री अवधेश प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि श्री जीवन चतुर्वेदी के अलावा श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी, श्री राकेश इन्द्रभूषण ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि शिवनाथ तट रक्षक समिति के पदाधिकारियों की मांग एवं मेला में शहरवासियों की सुविधा के लिये पूर्व मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने मोहारा पुन्नी मेला स्थल में विकास कार्य एवं सौदर्यीकरण के लिये 2 करोड रूपये की स्वीकृति प्रदान किये थे, जिसके तहत मेला स्थल में रोड, पाथवे, रेलिंग, मंच, प्रवेश द्वार के अलावा शौचालय एवं मंदिर में रंगरोगन के साथ साथ अन्य आवश्यक कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी कार्य अंतिम चरण में है, पुन्नी मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये मंच का कार्य पूर्ण कर आज उसका लोकार्पण किया जा रहा है, शेष कार्य भी मेला के उपरांत जल्द पूर्ण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्षो पुराना मोहारा मेला का आयोजन अब तीन दिवसीय होता है, जिसमें तीनों दिन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। पूर्णिमा के दिन सुबह से स्नान कर दीप दान कर पूजा अर्चना किया जाता है और लोग दोपहर में मेले का लुफ्त उठाते है।

## छत्तीसगढ़ की आर्थिक राजधानी भिलाई पंडित नेहरू की वजह से चमकी - भागवत साहू

### जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने धूमधाम से मनाई चाचा की जयंती



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिस तरह से मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है। उसी प्रकार भिलाई छत्तीसगढ़ राज्य की आर्थिक राजधानी है और यह संभव हो सका है पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के रहते यह बात कहते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में रीड कहे जाने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र जो भारत सरकार का उपक्रम है। पंडित नेहरू के ही देन है जो भारत के मित्र राष्ट्र सोवियत रूस के सहयोग से चमका है। इस आर्थिक राजधानी को मिनी भारत भी कहा जाता है। क्योंकि देश के विभिन्न राज्यों के लोग यहां रहते हैं और सांस्कृतिक विविधता यहां दिखाई देती है। अनेकता में एकता इसकी पहचान है। श्री साहू ने आज शहर में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में पंडित नेहरू की जयंती अवसर पर और भी बहुत कुछ बातें पंडित नेहरू के सम्मान में कहीं भागवत साहू ने देश की आजादी में पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि उनके उल्लेखनीय योगदान की वजह से ही देश ने उन्हें प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में चुना और पंडित नेहरू ने गुलामी से मुक्त भारत को विकास की ओर ले जाने में पहला अध्याय लिखा इसी के साथ उन्होंने बालमन इंदिरा गांधी के मन मस्तिष्क में देशभक्ति का वीजा रोपण किया अच्छे संस्कार दिए और वही इंदिरा गांधी आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बनी फिर उनके पुत्र राजीव गांधी भी प्रधानमंत्री बनकर देश सेवा की तत्पश्चात गांधी परिवार की बहु सोनिया गांधी ने योग्यता रहते हुए भी प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष पद लेने से इनकार किया। उनके इस महात्याग से देश में उनका सम्मान और बड़ा न सिर्फ सोनिया गांधी अपितु उनके पुत्र राहुल गांधी और उनकी पुत्री प्रियंका गांधी देश की सेवा में अपनी जीवन समर्पित कर चुके हैं। यही कारण है कि देश की बड़ी आबादी इन्हें अपना प्रेरणा स्त्रोत मानती है। इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू के साथ जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, पंकज बांधव, ठाकुर राम, मोती साहू, अजय मारकंडे, प्रकाश ठाकुर, फूलचंद साहू, रूपेश साहू, पीएम साहू, तुकाराम साहू आदि उपस्थित थे।






## आज शुक्रवार श्री गुरुनानक देवजी का प्रकाश उत्सव

### गुरबाणी कीर्तन तथा लंगर का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अज्ञान का अंधेरा मिटाकर ज्ञान का प्रकाश करने वाले मानवीय एकता के महान संदेशवाहक तथा सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देवजी का 555 वां आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख जगत द्वारा आज शुक्रवार 15 नवंबर को अपार हर्ष तथा उल्लास के साथ प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ! राजनादगांव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा भी समूह सिख संगत भाइयों बहनों के सहयोग विशेष आयोजन रखे गए है ! प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा राजनांदगांव द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार विगत 2 माह से जारी श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की प्रात: समाप्ति उपरांत लगातार दोपहर बाद 1 बजे तक गुरुद्वारा में शबद कीर्तन तथा गुरबाणी की स्वर लहरियां गूंजेगी ! जिसके अंतर्गत स्थानीय जत्थे ,हजूरी रागी जत्था भाई दलजीत सिंह तथा दरबार साहिब अमृतसर से आमंत्रित रागी जत्था भाई भूपिंदर सिंह गुरबाणी शबद कीर्तन के माध्यम से प्रकाश पर्व के आयोजन को सार्थक करेंगे ! अरदास समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर अतुट वितरित होगा ! इसी तारतम्य में संध्या का दीवान रहीरास साहिब के पाठ उपरांत देर रात तक चलेगा जिसमे रागी जत्थे अपने कर्णप्रिय भक्तिमय कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को भाव विभोर करेंगे ! देर रात्रि आरती अरदास सुखासन तथा समाप्ति उपरांत चाय नाश्ते का लंगर वितरित होगा ! गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. सुरजीत सिंह भाटिया तथा सचिव स.यशपाल सिंह भाटिया ने समूह सिख संगत भाइयों बहनों को श्री गुरुनानक देवजी के आगमन पर्व की बधाईयां देते हुए निवेदन किया है कि प्रकाश पर्व के आयोजन में उपस्थित होकर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करे !



## बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रोशनी वैष्णव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा में स्कूल परिसर में आधुनिक भारत शिल्पी देश प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालय प्रथामिक पाठशाला में बाल दिवस अवसर पर मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य अध्यक्षता लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच विशेष अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव धामनसरा चेतन चंदाकर सरपंच जंगलेसर कृत लाल पटेल उपसरपंच पुनू राम पटेल पूर्व सरपंच चुम्मन निषाद उपसरपंच जीवराखन पटेल पूर्व उपसरपंच तिलक निषाद अध्यक्ष शाला विकास समिति भागवत दास वैष्णव पंच ने पं जवाहरलाल नेहरू जयंती पर पुजा अर्चना कर स्कुल छात्र छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों तथा रंगोली प्रदर्शनी के अतिथियों ने अवलोकन किया गया शिक्षक संजीव शर्मा माधो उइके जीवनलाल बेलसरिया सुभाष साहू ओमप्रकाश साहू संतोष कुमार ठाकुर सहित शिक्षक छात्र छात्राओं सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

nandgaon times 15nov-4.qxd 11/15/2024 12:02 AM Page 2



## आज मंडई मेला

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम चिचदो में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 15 नवंबर दिन शुक्रवार को मंडई का आयोजन रखा गया है। वहीं रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा शिवभोला करमतरा जालबांधा वालों का कार्यक्रम आयोजित है। उक्त जानकारी ग्राम अध्यक्ष कुंजलाल चंद्रवंशी व मोहित साहू ने दी।

## भानपुरी सोसायटी में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सेवा सहकारी समिति भानपुरी पंजीयन क्रमांक 2007 की वर्ष 2024 - 25 की धान खरीदी 14 नवंबर से शुभारंभ हो गया। जिसमें 8 ग्राम की किसानों की 17 किसानों को टोकन जारी किया गया।आज की कार्यक्रम की मुख्यातिथि युवा किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री गुणीत साहू एवम सेवा सहकारी समिति भानपुरी के पूर्व अध्यक्ष श्री भुनेश्वर वर्मा इन्दामारा से एवम महिलानअध्यक्ष उषा साहू रीवागहन से आज निम्न कृषक धनेश्वर, देवदास टॉमिन, हेमलाल, राजेश, कमलनारायण, संतोष, मिलु, संजय सोनी, सतीश कुमार की उपस्थिति में 749, क्विंटल खरीदी किया गया। जिसमें समिति के समिति प्रबंधक रेवा राम साहू एवम सहायक पवन वर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर भेख चंद साहू, वारदाना सुपर वाइजर थानेंद्र साहू, मेष साहू, धान खरीदी मुकरदम सतीश कवर, खपरीकला आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी श्री रेवा राम साहू ने दी हैं।



## धान खरीदी का श्री गणेश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन द्वारा आज से सोसाइटियों में समर्थन दर पर धान खरीदी विधिवत ढंग से आरंभ की गई। राजनांदगांव जिले में गठुला सोसायटी में कलेक्टर संजय अग्रवाल और क्षेत्र के किसानों की मौजूदगी में शानदार तरीके से धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक किशुन देवांगन भी खासतौर से उपस्थित थे।



## शाला प्रांगण तिलई में बाल मेले का आयोजन

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज बाल दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक ,पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला तिलई के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रांगण में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक विभिन्न प्रकार के इंस्टॉल लगाकर मेले का आनंद लिया ।प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पालक गण एवं ग्रामीण जन तथा शाला विकास समिति के सभी पदाधिकारियों ने पहुंचकर बच्चों के इस प्रयास की सराहना की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के एसएमसी अध्यक्ष डॉ टीकाराम साहू, प्राथमिक शाला के एसएमसी उपाध्यक्ष पूनम देवांगन ,प्राचार्य आर .के. जोशी, प्रधान पाठक मुन्ना यादव, चंद्रभान देवांगन, संकुल समन्वयक पोषण वर्मा सहित समस्त स्टाफने आज के इस कार्यक्रम में अपनी गरिमा में उपस्थित दर्ज की है।



### सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के प्रदेश सचिव बने गेमुलाल कुंजाम

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के आदिवासी नेता गेमु कुंजाम को छत्तीसगढ़ युवा प्रभाग के प्रदेश सचिव बनाया गया। छत्तीसगढ़ी सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष कुंदन सिंह ठाकुर ने नियुक्ति पत्र जारी कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया है । गेमु कुंजाम जी को सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के प्रदेश सचिव बनाया जाने पर राजनांदगांव जिले और पूरे प्रदेश के समाज प्रमुखों और महिला पुरुष बच्चे में हर्ष व्याप्त है। अपने नियुक्ति पर उन्होंने सदैव समाज के प्रति ईमानदारी, निष्ठा के साथ आगे निरंतर समाज के हक और अधिकार के लिए लड़ता रहूंगा और समाज के लिए कार्य करता रहूंगा ।।



## रतनभाट सोसायटी में हुई धान खरीदी कि शुरुआत

**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** 14 नवंबर गुरुवार को को सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी की शुरुआत विधि विधान से पूजा अर्चना कर की गई है ग्राम रतनभाट सोसायटी में पूजा अर्चना कर धान खरीदी कि शुरुआत किया गया,कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा पि.व.मो.के पूर्व जिलाध्यक्ष दीनदयाल (दीनू) साहू ने कहा कि दीपावली पर्व की खुशियों के बाद किसान खेत खलिहानों में लौट कर अपनी फसल काटने, मिंजाई करने, और समर्थन मूल्य पर धान बेचने में जुट गए हैं।आज से शुरू हुई धान खरीदी 31जनवरी तक जारी रहेगी। 3100रू.कि समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए किसानों में उत्सुकता देखी जा रही है। तभी तो धान का समर्थन मूल्य 3100रू. किया है किसानों कि चिंता करते हुए किसानों कि सुविधा के लिए खरीदी केंद्र में बिजली, पानी, और छाया के साथ समुचित व्यवस्था किया गया है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार कि कठिनाई ना हो धान कि बंपर पैदावार और समर्थन मूल्य 3100 कि शुरुआत से किसानों में उत्साह है और अपनी फसल कि उचित दाम पाने के लिए तैयार है।

## आम सूचना

**(विवादित भूमि के संबंध में)**

मैं, अपने पक्षकार श्रीमती अन्नू उर्फअन्नपूर्णा राजपूत लक्ष्मण राजपूत एवं जगदीश राजपूत सभी पिता स्व. टेकराम राजपूत निवासी ममता नगर, गली नं. 05. वार्ड नं. 19, शहीद चौक, राजनांदगांव (छ.ग.) की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं।

मेरे पक्षकारगण के द्वारा अन्नू उर्फअन्नपूर्णा व अन्य 02 विरूद्ध गोमती बाई ध.प. बिसेसर राम साहू निवासी उरईडबरीटोला, तेन्दूनाला राजनांदगांव भूमि खसरा नं. 599, रकबा 4.70 एकड़ एवं खसरा नं. 600/1 रकबा 3.49 एकड़ स्थित भूमि प.ह.नं. 35 ग्राम झण्डातलाब, रा.नि.मं. लालबहादुर नगर, जिला राजनांदगांव की भूमि का श्रीमान् न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ में अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई तिथि 09.12.2024 को नियत है। इसी भूमि खसरा नंबर से संबंधित द्वितीय अपील माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.) में अन्नू उर्फअन्नपूर्णा विरूद्ध सरस्वती बाई व अन्य प्रकरण कमांक र हृश. 515/2022 सुनवाई हेतु लंबित है।

इस प्रकार उपरोक्त भूमि खसरा नं. 599, रकबा 4.70 एकड़ एवं खसरा नं. 600/1 रकबा 3.49 एकड़ स्थित भूमि प.ह.नं. 35 ग्राम झण्डातलाब, रा.नि.मं. लालबहादुर नगर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का विवाद नाबालिक भूमि स्वामी के स्वामित्व की भूमि बिना न्यायालय की अनुमति के फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज के आधार पर किये गये नामांतरण कार्यवाही एवं दस्तावेज के संबंध में प्रकरण लंबित है, इस प्रकार उपरोक्त भूमि के संबंध में विवाद लंबित है, अतः कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, कंपनी उक्त भूमि को कय करने का सौदा श्रीमती गोमती बाई ध.प. बिसेसर राम साहू से न करे। किसी प्रकार का कय करने का सौदा कोई भी व्यक्ति, संस्था यदि करता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

सूचना जाने।

भवदीय

गजेन्द्र बख्शी (अधिवक्ता)

कार्यालय - मकान नं. 32, रिद्धी-सिद्धी कालोनी

फेस-3 राजनांदगांव (छ.ग.)

मो.नं.-9827184147, 9406325701

दिनांक:- 14.11.2024

स्थान-राजनांदगांव

# राजनीति में हैसियत जैसे हल्के शब्दों का प्रयोग वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कुलबीर को शोभा नहीं देता - ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेंमत ओस्तवाल ने एक जारी बयान के माध्यम से राजनांदगांव निगम के वरिष्ठ पार्षद एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर विराजमान कुलबीर सिंह छाबड़ा के द्वारा राजनांदगांव जिले के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के खिलाफ किस हैंसियत से अधिकारियों को निर्देशित करने का जो बयान जारी किया गया वह राजनैतिक दृष्टिकोण से कही से भी उचित नहीं है क्योंकि राजनैतिक जनहित में दो विचारधाराओं की लड़ाई है उसका जनहित और शासन हित में गलत कामों का विरोध करना वह एक जनप्रतिधि और आम जनता का अधिकार है लेकिन जिस तरह से श्री छाबड़ा के द्वारा जिले के पूर्व सांसद के खिलाफ किस हैंसियत से अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है, का जो बयान जारी कर अपनी हल्की सोच का जो प्रदर्शन मिडिया के माध्यम् से किया गया है उससे कुलबीर छाबड़ा की सोच का खुलाशा हो गया है जबकि राजनैतिक में हैंसियत नहीं अपनी काब्लियत प्रशासनिक अधिकारियों आदि के बीच बताने वाला ही राजनीति का पक्का खिलाड़ी होता है। इसका ज्ञान होना चाहिए क्योंकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता 30 वर्ष के रविन्द्र चौबे जी जैसे वरिष्ठ विधायक को एक ईश्वर साहू जैसा आम नागरिक चुनाव में हरा दिया है यह उसका प्रमाण सामने है, इसलिए राजनीति में कुलबीर सिंह छाबड़ा जैसे नेताओं को हैंसियत जैसे हल्के शब्दों का प्रयोग राजनीति में नहीं होना चाहिए और जनहित में भष्ट्राचार शहर के विकास आदि और सत्य के लिए आरोप-प्रत्यारोप का खुला आरोप प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर बयान बाजी पत्राचाार किया जाना चाहिए। लेकिन कुलबीर सिंह छाबड़ा के द्वारा लगभग अपने वार्ड के 16 करोड़ रूपयों के जो बुढ़ासागर के भष्ट्राचार के मामले में पूर्व महापौर मधुसूदन यादव एवं वर्तमान महापौर हेमा देशमुख के खिलाफएक शब्द भी उस विडियों में नहीं बोला गया क्यों? और दुसरी ओर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से यह कह रहे है कि, आओं बुढ़ासागर के भष्ट्राचार की मिलकर जाँच करवाते है क्या राजनीति के इतिहास में आज तक भष्ट्राचार करने वाला और भष्ट्राचार की आवाज उठाने वाला दोनो एक साथ मिलकर कौन से राजनीति के इतिहास में जाँच का खुलाशा हुआ है इसका प्रमाण श्री छाबड़ा को आम जनता के सामने देना चाहिए। जबकि भूपेश बघेल जी के 5 वर्ष के कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश सहित नगर निगम राजनांदगांव में कांग्रेस पार्टी की बहुमत से सरकार थी तो श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा वरिष्ठ पार्षद को 5 वर्ष के शासनकाल में मुंह में कौन सा ताला राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने लगाया था, उसका खुलाशा करें। और अब जब प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता चली गई तो मुँह में लगा हुआ यह ताला पूर्व सांसद मधुसूदन एवं पूर्व महापौर मधूसूदन यादव या अभिषेक के द्वारा खोलवाया जा रहा है,जनहित में खुलाशा करें।



# कुमरदा तहसीलदार ने पहले दिन कोचिया से 72 क्विंटल धान जप्त किया

### दूसरे जिला से अवैध धान परिवहन कर रहे थे धान कोचिया , सवा दो लाख का धान जप्त से क्षेत्र के कोचियो में हड़कंप मचा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के पूरे सोसाइटी में 14 नवंबर गुरुवार से धान खरीदी की शुरुआत हो गई है सभी सोसाइटियों में विधि विधान से धान खरीदी और समर्थन मूल्य में किसानों का धान की खरीदी की शुरुआत हो गई है एक ओर क्षेत्र में अवैध धान परिवहन करने वाले कोचियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुमरदा तहसीलदार आकांक्षा साहू और राजस्व विभाग की टीम हल्का पटवारी सुनील साहू फूड इंस्पेक्टर हेमा नाग की संयुक्त टीम ने सोसाइटी में धान खरीदी के जांच के दौरान दौरा में निकले तहसीलदार ने ग्राम अछोली के पास धान कोचिया शैलेश खंडेलवाल बांधा बाजार निवासी के पास से वाहन क्रमांक सीजी 08 एल 30 60 माजदा वाहन में 180 कट्टा सारना धान अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है तहसीलदार ने बताया है कि उक्त धान मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला से राजनांदगांव जिला धान बेचने हेतु ले जा रहे थे जिसे रास्ते में ही तहसीलदार आकांक्षा साहू की टीम ने जप्त कर कृषि उपज मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है राजनांदगांव जिले में यह पहला तहसील है जहां पर पहले ही दिन धान कोचिया को अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है जिससे क्षेत्र के अन्य धान कोचिया में हड़कंप मच गया है जप्त हुए धान में 180 कट्टा है जो 72 क्विंटल के साथ 2 लाख 23 हजार 200 रुपए की कीमत बताई गई है कुमरदा तहसील क्षेत्र में तहसीलदार की टीम सभी सोसाइटियों में धान कोचियों पर सतत निगरानी बनाई हुई है।



## उमरवाही में धान खरीदी का शुरू

**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** 14 नवंबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ में प्रदेश सरकार धान खरीदी प्रारंभ कर दी है , इसी क्रम में उमरवाही सेवा सहकारी समिति में भी धान खरीदी का उद्घाटन किया गया, बता दे की इस बार इलेक्ट्रिक कांटा मशीन से धान की खरीदी होने जा रही है। किसानों के लिए ये बड़ी राहत है। उमरवाही केंद्र में भी 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है। उद्घाटन के दौरान भाजपा नेता अनंत। तिवारी , जनपद सदस्य प्रतिनिधि कौशल चंद्रवंशी, एम जोशी, लक्ष्मी सांखला, निजामुद्दीन, चुन्नी लाल, कार्तिक जांगडे, संत राम और समिति प्रबंधक, सहित किसान मौजूद थे।



# किरगी (खुर्सीपार)सोसायटी में हुई धान खरीदी कि शुरुआत



**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** 14 नवम्बर गुरुवार को किरगी खुर्सीपार सोसायटी में पूजा अर्चना कर धान खरीदी कि शुरुआत किया गया,कार्यक्रम में पहुंचे आसपास के ग्राम पटेल ने कहा कि दीपावली पर्व की खुशियों के बाद किसान खेत खलिहानों में लौट कर अपनी फसल काटने, मिंजाई करने, और समर्थन मूल्य पर धान बेचने में जुट गए हैं। आज से शुरू हुई धान खरीदी 31 जनवरी तक जारी रहेगी। 3100 रू.कि समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए किसानों में उत्सुकता देखी जा रही है। सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 3100 रू. किया है किसानों कि चिंता करते हुए किसानों कि सुविधा के लिए खरीदी केंद्र में बिजली, पानी, और छाया के साथ समुचित व्यवस्था किया गया है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार कि कठिनाई ना हो धान कि बंपर पैदावार और समर्थन मूल्य 3100 कि शुरुआत से किसानों में उत्साह है और अपनी फसल कि उचित दाम पाने के लिए तैयार है। किन्तु चिंता का विषय है कि इस बार शासन द्वारा साफ्टवेयर में 100 प्रतिशत ऑनलाईन टोकन लेना बताया जा रहा है जिससे किसानें को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अत: सेवा सहकारी समिति के समस्त किसानों ने शासन से मांग की है कि शीघ्र ही ऑनलाईन में संशोधन कर 50 प्रतिशत टोकन सेवा सहकारी समिति के माध्यम से करवाया जाये तथा 50 प्रतिशत ऑनलाईन के माध्यम से किया जाये। ताकि कृषकों को परेशानी का सामना न करना पड़े एवं सुचारू रूप से धान खरीदी सम्पन्न हो। इस कार्यक्रम में गोविन्द पटेल (ग्राम पटेल रीवागहन), पोखन लाल साहू (ग्राम पटेल किरगी), गयाप्रसाद यादव (ग्राम पटेल रूपाकाठी), चुनुराम साहू, डोमन पटेल, कृषक सूर्यकांत साहू, गिरीश साहू, राजेश साहू, केशव प्रसाद साहू, रीठृदास मानिकपुरी, नागेश साहू, कृष्णा राम साहू, कमलकांत साहू, तथा अन्य किसान भाई भी उपस्थित थे।

# बाल दिवस समारोह धूम धाम से मनाया




**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव में 14 नवंबर गुरुवार को बाल दिवस का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के रूप में बच्चों के प्रति उनके प्रेम और स्नेह को समर्पित है। बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उनके समग्र विकास के महत्व को उजागर करना है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बच्चों में आत्म-विश्वास, रचनात्मकता और उनके व्यक्तित्व का विकास करना है। कार्यक्रम की शुरुआत दिनेश गांधी और अन्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के तैलचित्र पर द्वीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। जिसमें शाला विकास समिति के अध्यक्ष अरुण जैन एवं सदस्य गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता , संतोष यादव, नीलम मानिकपुरी, कुंती आल्हा, टोमन साहू, धनराज ठाकुर आदि के साथ संस्था के प्राचार्य भारत लाल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता आर. के. गणवीर, वाई. आर. कोठारी एवं समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित हुए थे बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किए, जिससे माहौल हर्ष और उल्लास से भर गया। विद्यालय प्रांगण में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर बाल मेले का आनंद उठाया। तरह - तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया तथा छोटे बच्चों ने साथ ही बड़े बच्चों ने भी झूला झूलकर झूले का आनंद लिया। समस्त आमंत्रित अतिथियों ने समस्त स्टालों में घूमकर बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया। उनके द्वारा बच्चों के द्वारा बनाए गए व्यंजनों की तारीफ भी गई। मेले में पालक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

**शुभांक**

**4-6-9**

**456-5 377-7**

**भाग्यांक**

**490-3 145-0**

# डोंगरगांव सोसायटी में धान खरीदी का शुभारंभ

### समर्थन मूल्य पर खरीदे जाएंगे किसानों का धान



**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में किसानों का धान 14 नवंबर गुरुवार से खरीदी का महापर्व का शुभारंभ हो गया है। राज्य सरकार के घोषणा के अनुसार पूरे प्रदेश में समर्थन मूल्यों पर प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों पर धान खरीदी की शुरुवात किया जा चुका है गुरुवार को जिले के डोंगरगांव सेवा सहकारी समिति सोसायटी कृषि उपज मंडी में धान खरीदी का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना करके किसानों को फूल माला पहनकर व मिठाई खिलाकर भाजपा नेता दिनेश गांधी मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता धनराज ठाकुर सरिता ढीमर और केन्द्रीय बैंक प्रबंधक प्रशांत बाजपई के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थिती में अन्य अतिथिगण के द्वारा किया गया। सरकार के आदेश के अनुसार प्रशासन ने भी धान खरीदी केंद्रों पर धान खरीदी के लिए पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। नंद कुमार साय सरकार के घोषणा के अनुसार सरकार किसानों से 3100 रूपये समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान खरीदेगी। सरकार इस वर्ष 27 लाख से भी अधिक किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदेगी तथा उन्हें डीबीटी के माध्यम से 72 घंटे में तुरंत भुगतान करेगी। किसानों को धान बेचने के लिए ज्यादा दूरी न तय करना पड़े इसके लिए 2739 धान उपवर्जन केंद्रों पर पूरी पारदर्शिता से धान खरीदी की शुरुवात की है। धान खरीदी केंद्रों पर 7 नवंबर से ही टोकन देना आरम्भ कर दिया था। धान खरीदी 14 नवम्बर 2024 से आरम्भ होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।धान खरीदी केंद्रों पर इलेक्ट्रिक तौल काटा, पर्याप्त वरदान और पेयजल की व्यवस्था की गई है। डोंगरगांव में धान खरीदी केंद्र के शुभारंभ अवसर पर डोंगरगाव मटिया करियाटोला के साथ साथ क्षेत्र के किसान शामिल हुए थे

**भाजपा सरकार घोषणा के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदेगी-**

डोंगरगांव कृषि उपज मंडी में धान खरीदी का शुभारंभ करते हुवे श्री गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी सरकार है व अपने घोषणा पत्र में किए वादे के अनुसार समर्थन मूल्य 3100 रुपया प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल धान खरीदेगी तथा 72 घंटों में तुरंत भुगतान भी करेगी।श्री गांधी जी ने धान खरीदी केंद्रों पर का निरीक्षण करते हुवे अधिकारियों व कर्मचारियों की धान खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए ताकि बाहर से आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े।



**शिकायत, निवारण के लिए सरकार द्वारा हेल्पलाइन नंबर की गई जारी।**

सरकार ने धान खरीदी केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया है।साथ की विपणन संघ के मुख्यालय स्तर के शिकायत के समाधान के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका नंबर 0771-2425463 सभी सोसाइटियों में जारी किया है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

कं0/ / प्रवा0-3/अ0वि0अ0/2024
राजनांदगांव, दिनांक 08/10/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीतादेवी लोहिया पति स्व0 पुरुषोत्तमदास लोहिया, चन्द्रकांत लोहिया, अशोक कुमार लोहिया, अजय कुमार लोहिया, हरीश कुमार लोहिया सभी के पिता पुरूषोत्तमदास लोहिया, निवासी राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कौरिनभाठा, पटवारी हल्का नंबर 38, खसरा नंबर 479/4 रकबा 0.0690 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र / शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा /नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18/11/20204 न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

कं0/ / प्रवा0-3/अ0वि0अ0/2024
राजनांदगांव, दिनांक 08/11/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीतादेवी लोहिया पति स्व0 पुरुषोत्तमदास लोहिया, चन्द्रकांत लोहिया, अशोक कुमार लोहिया, अजय कुमार लोहिया, हरीश कुमार लोहिया सभी के पिता पुरूषोत्तमदास लोहिया, निवासी राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कौरिनभाठा, पटवारी हल्का नंबर 38, खसरा नंबर 479/5 रकबा 0.0690 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र / शपथ पत्र / खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा / नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18/11/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

## ज्ञान मंथन

*1) गीली मृदा का वह गुण जिसमें बल लगाने पर मृदा किसी ऐच्छिक रूप में बदली जा सके और बल हटाने पर उसी अवस्था में बनी रहे, इस गुण को क्या कहते है?*
*2) गल्फस्ट्रीम जलधारा किस नाम से जाना जाता है?*
*3) वैद्यनाथ मिश्र किस कवि का असली नाम है?*
*4) किस राज्य सरकार द्वारा पुनौरा धाम परियोजना को मंजूरी दी गयी है?*
*5) फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी नामक पुस्तक किसकी आत्मकथा है, जिसका हाल ही में विमोचन किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मृदा सुघट्यता (2) यूरोप का गर्म कंबल (3) कवि नागार्जुन (4) बिहार (5) एमएम नरवणे

## महापौर एवं निगम पदाधिकारियों ने दी प्रकाश पर्व की बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने गुरूनानक जी के जन्मदिवस प्रकाश पर्व पर सिक्ख समाज को अपनी शुभकामनाए दी है। उन्होंने गुरूनानक जी के जन्मदिवस प्रकाश पर्व की बधाई देते हुये नागरिकों के जीवन में सुख-समृद्धि, शांति व स्नेह की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि श्री गुरूनानक देव के रूप में धरती पर एक ऐसा सितारा उतरा था जिनके सत्य, प्रेम, सदभावना, भाईचारे के सिद्धांत एंव संदेश आज भी मानव समाज के लिये उतने ही अधिक मार्गदर्शक है जितना की गुरूनानक जी के दौर के समय थे। निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा,श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, अमीन हुद्दा, वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति श्री गामेन्द्र नेताम,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री, पार्षदों ने भी नागरिकों को प्रकाश पर्व पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए, इस पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।

## दिग्विजय महाविद्यालय समाज कार्य विभाग द्वारा अंतर विषयक व्याख्यान माला का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिग्विजय महाविद्यालय समाज कार्य विभाग के द्वारा अंतर विषयक व्याख्यान माला का आयोजन किया




गया उक्त व्याख्यान प्राचार्य डॉण् किरण लता दामले के निर्देशन व समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया उक्त व्याख्यान में विशेष विशेषज्ञ के रूप में समाजशास्त्र विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉण् प्रियंका लोहिया को आमंत्रित किया गया । डॉ ण्प्रियंका लोहिया द्वारा अपने व्याख्यान में संस्कृति की अवधारणा एपशु और मानव के अंतर के बारे में जानकारी दी गई संस्कृति का उद्गम एफैलावए बदलाव के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया अपने व्याख्यान के अंत में डॉण् प्रियंका लोहिया ने विद्यार्थियों का शंका समाधान को दूर करते हुए व्याख्यान का समापन किया गया इस व्याख्यान में समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहूए समाजशास्त्र से डॉण् ए ण्केण् मांडवी व अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारणी साहू , श्रीमती शालिनी सोनी , श्रीमती चित्रांशा राठौर व समाज कार्य के विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# अक्षय पुण्य प्रदायिनी है कार्तिक पूर्णिमा

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** सनातन धर्म में कार्तिक मास का विशेष महत्व है। पुराणों में सभी कार्तिक माह को आध्यात्मिक और शारीरिक ऊर्जा संचय के लिये उचित माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु और भगवान शंकर की आराधना की जानी चाहिये। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि शास्त्रों में बारहों महीनों में कार्तिक महीने को आध्यात्मिक एवं उर्जा संचय के लिये सर्वश्रेष्ठ माना गया है। वैसे तो साल भर में बारह पूर्णिमा होती है लेकिन अधिकमास या मलमास को भी जोंड़ दिया जाये तो कुल मिलाकर 13 पूर्णमायें हो जाती हैं लेकिन इनमें कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष गंगा स्नान करने का फल मिलता है। कार्तिक महीने का यह सबसे अन्तिम दिन और कार्तिक पूर्णिमा आज है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान , दान के साथ साथ दीपदान का पुण्य अन्य दिनों के अपेक्षा कई गुना अधिक प्राप्त होता है। स्वयं नारायण ने भी कहा है कि महिनों में , मैं कार्तिक माह हूँ। कार्तिक मास परम पावन होता है। इस महीने में किये गये पुण्य कर्मों का अनन्त गुणा फल मिलने की मान्यता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन व्रत रखना बेहद शुभ माना जाता है , धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत रखने वाले व्यक्ति को हजार अश्वमेध और सौ राजसूय यज्ञ का फल मिलता है। शास्त्रों में उल्लेख है कि स्वयं विष्णुजी ने ब्रह्माजी को , ब्रह्माजी ने नारद मुनि को और नारदजी ने महाराज पृथु को कार्तिक मास का महत्व बताया। इस माह की त्रयोदशी , चतुर्दशी और पूर्णिमा को पुराणों में अति पुष्करिणी कहा है। मान्?यता है कि इस दिन स्?वर्ग से देवतागण भी आकर गंगा में स्?नान करते हैं , इसलिये इस दिन गंगा स्?नान जरूर करें। अगर आपके लिये यह कर पाना संभव ना हो तो घर पर ही स्?नान के जल में गंगाजल मिलाकर नहा लें। स्कन्द पुराण के अनुसार जो प्राणी कार्तिक मास में प्रतिदिन स्नान करता है वह यदि केवल इन तीन तिथियों में सूर्योदय से पूर्व स्नान करे तो भी माह के पूर्ण फल का भागी हो जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत और पूजन करके बछड़ा दान करने से शिवलोक की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि इस दिन किसी भी पवित्र नदी में स्नान करने से मनुष्य के सभी पाप धूल जाते हैं वहीं दीपदान करने से सभी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु और माता



लक्ष्मी की पूजा की जाती है। पूर्णिमा के दिन सुबह किसी पवित्र नदी , सरोवर या कुंड में स्नान और दीपदान करना बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन गंगा स्नान और दान दस यज्ञों के समान माना गया है। यदि आपके घर के पास नदी नहीं है तो आप किसी मंदिर में जाकर दीपदान करें , इससे आपकी परेशानियां दूर होती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। मान्यता है कि इस दिन गाय , हाथी , घोड़ा , रथ और घी का दान करने से संपत्ति बढ़ती है और भेड़ का दान करने से ग्रहयोग के कष्टों दूर होते हैं। कार्तिक पूर्णिमा का व्रत रखने वालों को इस दिन हवन जरूर करना चाहिये और किसी जरुरतमंद को भोजन कराना चाहिये। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में या तुलसी के पास दीप जलाने से महालक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार देवता अपनी दिवाली कार्तिक पूर्णिमा की रात को ही मनाते हैं , इसलिये यह सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन शिवा , सम्भूति , प्रीति , संतति , अनुसुइया समेत क्षमा नामक छह तपस्विनी कृतिकाओं का पूजन करने का विशेष महत्व है , शाम को चंद्रमा निकलने पर इनका पूजन करना चाहिये। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हें कार्तिक की माता माना गया है , इनकी पूजा करने वालों के घर में धन-धान्य की कभी कमी नहीं होती।

**आज देव दीपावली-** इस दिन महादेव ने त्रिपुरासूर नामक राक्षस का संहार किया था जिससे देवगण बहुत प्रसन्न हुये। इस दिन भगवान विष्णु ने शिवजी को त्रिपुरारी नाम दिया जो शिव के अनेकों नामों में से एक है। इसलिये इस पूर्णिमा का एक नाम त्रिपुरी पूर्णिमा भी है। त्रिपुरासुर के वध होने की खुशी में सभी देवता स्वर्गलोक से उतरकर काँशी में दीपावली मनाते हैं। तभी से इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा काँशी में गंगा नदी के घाटों पर दीपदान कर दीपावली मनायी जाती है। यही नहीं यह भी कहा जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने धर्म , वेदों की रक्षा के लिये मत्स्यावतार धारण किया था। धार्मिक मान्यता है कि भगवान विष्णु इस मास में मत्स्य रूप में जल में विराजमान रहते हैं और आज ही के दिन मत्स्य स्वरूप को छोंड़कर वापस बैकुंठ चले जाते हैं। इसी दिन देवी तुलसी भी बैकुंठधाम गयी थी। ऐसा माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन सोनपुर में गंगा गंडकी के संगम पर गज और ग्राह का युद्ध हुआ था। गज की करुणामयी पुकार सुनकर भगवान विष्णु ने ग्राह का संहार कर भक्त की रक्षा की थी। इस वजह से देवताओं ने स्वर्ग में दीपक जलाये थे। तभी से देवताओं की दीपावली होने के कारण इस दिन देवताओं को दीपदान किया जाता है। दीपदान करने से सभी प्रकार की मनोकामनायें पूर्ण होती है और जीवन में आने वाली परेशानियाँ भी दूर होती हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन व्रत रखने से हजार अश्वमेध और सौ राजसूय यज्ञ का फल प्राप्त होता है। इस दिन गौ , अश्व और घी आदि के दान से संपत्ति में बढ़ोतरी होती है। इस दिन सत्यनारायणजी की कथा , विष्णुपुराण , विष्णु सहस्रनाम , कनकधारा का पठन , श्रवण करने वाले जातकों को मोक्ष प्राप्त होता है। इस दिन सरसों का तेल , तिल , काले वस्त्र किसी जरूरतमंद को दान करना चाहिये , ऐसा करने से आपको पुण्य फल प्राप्त होगा। ऐसा करने से आप कई क्षेत्रों में सफलता अर्जित करेंगे , साथ ही सारे कष्टों से मुक्ति मिलती है। कार्तिक पूर्णिमा की शाम को तुलसी के पौधे के पास दीपक जलाकर तुलसी माता का स्मरण करते हुये पौधे के चारो तरफ परिक्रमा करने से भगवान विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है और आर्थिक समस्यायें दूर होती हैं।

**देव दीपावली की पहली कथा-** देव दीपावली की कथा महर्षि विश्वामित्र से जुड़ी है। मान्यता है कि एक बार विश्वामित्रजी ने देवताओं की सत्ता को चुनौती देते हुये अपने तप के बल से त्रिशंकू को सशरीर स्वर्ग भेज दिया। यह देखकर देवता अचंभित रह गये , क्योंकि विश्वामित्र जी ने ऐसा करके उनको एक प्रकार से चुनौती दे दी थी। इस पर देवता त्रिशंकु को वापस पृथ्वी पर भेजने लगे , जिसे विश्वामित्र ने अपना अपमान समझा। उनको यह हार स्वीकार नहीं थी तब उन्होंने अपने तपोबल से उसे हवा में ही रोक दिया और नई स्वर्ग तथा सृष्टि की रचना प्रारंभ कर दी , इससे देवता और भी भयभीत हो गये। उन्होंने अपनी गलती की क्षमायाचना तथा विश्वामित्र को मनाने के लिये उनकी स्तुति प्रारंभ कर दी। अंतत: देवता सफल हुये और विश्वामित्र उनकी प्रार्थना से प्रसन्न हो गये , और उन्होंने दूसरे स्वर्ग और सृष्टि की रचना बंद कर दी। इससे सभी देवता प्रसन्न हुये और उस दिन उन्होंने दिवाली मनायी जिसे देव दीपावली कहा गया।

गुरूनानक जयंती आज

ऐसी मान्यता है कि कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन ही सिख धर्म के पहले गुरु यानि गुरु नानकदेव का जन्म हुआ था। इस वजह से भी सिख धर्म के अनुयायी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पर्व प्रकाश पर्व या प्रकाश उत्सव के रूप मनाते हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारों में अरदास की जाती है और बहुत बड़े स्तर पर जगह-जगह पर लंगर किया जाता है।

# युवक पर ब्लेड से वार, एक गिरफ्तार दो आरोपी फरार

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गोवर्धन पूजा के दिन समीपस्थ ग्राम रातापायली में एक युवक पर तीन युवकों द्वारा प्राणघातक हमला कर दिया गया। सर्जिकल ब्लेड से किये गये वार से युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव भर्ती कराया गया, जहां पर युवक की स्थिति गंभीर परंतु नियंत्रण में है। इस मामले में पुलिस ने घायल युवक के पिता की रिपोर्ट पर तीन युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की है।



आरोपी युवकों में एक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि दो के फरार होने की खबर है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गोवर्धन पूजा के दिन किसी बात को लेकर गांव में तीन युवकों का गांव के ही गोविन्दा निषाद आ. भागवत निषाद के साथ विवाद हुआ। इसके बाद तीनों आरोपी युवकों रितेश निषाद, दुष्यंत यादव तथा अजय भारती ने एक राय होकर गोविन्दा को किसी धारदार हथियार से वारकर घायल कर दिया। जिसके कारण गोविन्दा के सिर में बांये तरफ चोट लगी और खून बहने लगा। जिसे परिवारवालों तथा गांववालों की मदद से आनन फानन में इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव ले जाया गया। मामले की रिपोर्ट घायल युवक के पिता ने स्थानीय थाने में की, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी तीन युवकों रितेश निषाद, दुष्यंत यादव तथा अजय भारती के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) तथा 351(2) के तहत् मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। तत्पश्चात् पुलिस ने गांव के ही युवक पर सर्जिकल ब्लेड से हमला करने वाले एक आरोपी रितेश निषाद आ. धनसा निषाद (22 वर्ष) निवासी स्कूल पारा रातापायली को इस मामले में गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। बाकी दो आरोपी किसी तरह फरार हो गये, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

## जनजातीय गौरव दिवस आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में जनजातीय गौरव दिवस 2024 का आयोजन शुक्रवार 15 नवम्बर 2024 को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में किया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 4 बजे से होगा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक बिल्हा श्री धरमलाल कौशिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री संतोष पाण्डेय द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर नगर पालिक निगम श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री विक्रांत सिंह, समाज सेवी श्री रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों, गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। जनजातीय गौरव दिवस 2024 के अवसर पर पूर्वान्ह 11 बजे विकास प्रदर्शनी का आयोजन, दोपहर 2 बजे से छात्रावास के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, शाम 4 बजे अतिथियों का आगमन एवं दीप प्रज्वलन, शाम 4.10 बजे से शाम 5 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन, विभिन्न विभागों द्वारा जनजाति समुदाय के हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं प्रतिभा सम्मान तथा शाम 5 बजे से शाम 6 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# कवर्धा में भव्य देव दीपावली महोत्सव : 51,000 दीपों से जगमगाएगा प्रभु जानकी रमण देवालय, दंडी स्वामी श्रीमगयोतिर्मयानंद देंगे दर्शन

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** कवर्धा शहर में आज देव दीपावली का त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जानकी रमण प्रभु देवालय में 51,000 दीपों से भव्य रोशनी की जाएगी। यह आयोजन शहर के सनातनीयो के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। छत्तीसगढ़ के प्रथम दंडी स्वामी श्रीमगयोतिर्मयानंद जी महाराज जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद: सरस्वती जी महाराज के दीक्षित दंडी स्वामी है जो इस आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वही, उनकी उपस्थिति से आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना देगी।

**दंडी स्वामी के नगर आगमन पर भव्य होगा अभिनंदन, तैयारी पूर्ण**

ज्योतिर्मयमठ के सीईओ चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया धर्मनगरी के समस्त सनातनी व नगर वसियों के लिए बहुत बड़ी सौभाग्य के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद: सरस्वती जी महाराज के दीक्षित शिष्य व छत्तीशगढ़ के प्रथम दंडी स्वामी श्रीमगयोतिर्मयानंद जी



अपने चातुर्मास पूर्ण कर सिमोलंघन पर बेमेतरा जिला के सापाद लक्षेश्वर धाम ग्राम सलधा से प्रस्थान कर शाम 05 बजे कवर्धा आगमन होना है जहाँ नगर अभिन्दन करते हुए कचहरी पारा स्थित प्रभु जानकीरमण प्रभुदेवालय लाया जाएगा व प्रभु राम के दर्शन पूजन कर भक्तों को आशीर्वचन देंगे।

***हर घर से 21 दिया आयेगा और जगमगाएगा देवालय***

बता दे कि कवर्धा शहर की सभी सनातनी महिलाएं घर-घर पहुंचकर माताएं-बहनों को देव दिवाली में शामिल होने के लिए निमंत्रण दे रही हैं। इस वर्ष देव दीपावली को और भी भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष आयोजन और भी भव्य किया जा रहा है हर वर्ष तो मनाया जाता है परंतु इस वर्ष देव दीपावली गौ माता को राष्ट्र माता जल्द घोषित हो ऐशे कामना करते हुए हर सनातनियों के घर-घर से स्वम् 21 दिया लेकर पहुंचेंगे और अपने मनोकामना हेतु दीप प्रज्वलित कर कामना करेंगे! कार्यक्रम का संचालन शंकराचार्य के शिष्य व धर्मलंकार डॉ पवन मिश्रा के द्वारा किया जाएगा। उमंग पांडे एवं स्मृति उपाध्याय की नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वही, आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमियों को आमंत्रित किया है और उनसे आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## धर्म समाचार....

# गुरुनानक जयंती : गांव के लोगों ने गुरुनानक के लिए भेजा दूध से भरा बर्तन, नानकजी ने दूध पर फूल की पत्तियां डालकर वापस भेज दिया

कार्तिक पूर्णिमा यानी 15 नवंबर को गुरु नानक जी की जयंती है। गुरु नानक जी से जुड़े कई ऐसे किस्से हैं, जिनमें जीवन को सुखी और सफल बनाने की टिप्स बताई गई हैं। इन टिप्स को अपनाने से हमारी सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं। जानिए गुरु नानक की एक ऐसी कहानी, जिसमें घमंड न करने की सलाह दी गई है... गुरु नानक अपने शिष्यों के साथ अधिकतर यात्राएं करते रहते थे। इस दौरान वे अपने कार्यों से शिष्यों को उपदेश दिया करते थे। यात्रा करते हुए गुरु नानक और उनके शिष्य एक ऐसे गांव पहुंचे, जहां के लोग बहुत ज्ञानी थे। गुरु नानक जानते थे कि गांव के लोग बहुत विद्वान हैं, उन्होंने गांव में प्रवेश नहीं किया, बल्कि गांव के बाहर ही अपना डेरा डाल दिया। जब गांव के लोगों को गुरु नानक के बारे में मालूम हुआ तो कुछ लोग गुरु नानक के डेरे के पास पहुंचे। गांव के लोग एक बर्तन में दूध लबालब भरकर लाए थे। गांव के लोगों ने दूध से भरा बर्तन गुरु नानक के सामने रखा। गुरु नानक ने उस दूध पर गुलाब की कुछ पत्तियां डाल दीं। गांव के लोग गिलास उठाकर लौट गए। कुछ देर



बाद गांव के बहुत सारे लोग गुरु नानक के पास आए और उन्हें सम्मान के साथ अपने गांव में आने का निमंत्रण दिया। ये देखकर सभी शिष्य हैरान थे। निमंत्रण देने के बाद गांव के लोग लौट गए। तब शिष्यों ने नानक जी से पूछा कि ये सब क्या हुआ, हमें तो कुछ समझ नहीं आया। आप गांव में नहीं गए और यहीं गांव से बाहर डेरा डाल दिया। फिर गांव के लोग दूध का बर्तन लेकर आए, आपने उसमें फूल की पत्तियां डाल दीं और फिर वे लोग आपको निमंत्रण देकर गए हैं। गुरु नानक ने शिष्यों को समझाया कि ये एक सांकेतिक भाषा है। मैं जानता हूं कि इस गांव में सभी विद्वान हैं। इसीलिए हमने गांव में प्रवेश नहीं किया। जब गांव के लोगों को हमारे बारे में सूचना मिली तो उन्होंने हमें दूध से भरा बर्तन भेजकर संदेश दिया कि गांव के सभी लोग ज्ञान से दूध के बर्तन की तरह लबालब भरे हुए हैं। अब आप हमें क्या देने आए हैं? इसके बाद मैंने दूध पर गुलाब की पत्तियां डालकर ये संकेत दिया कि हम आपके ज्ञान के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करेंगे। हमारे पास जो ज्ञान है, वह आपके साथ साझा करके लौट जाएंगे। गांव वालों ने ये बात स्वीकार कर ली और हमें गांव में आने का निमंत्रण दे दिया।

**प्रसंग की सीख-** गुरु नानक ने समझाया कि हमें अपने ज्ञान का घमंड नहीं करना चाहिए और दूसरों के ज्ञान का सम्मान करना चाहिए, तभी जीवन में सुख-शांति बनी रहती है और जगह हमें सम्मान मिलता है।

## कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को: सुबह सूर्य को और शाम को चंद्र को चढ़ाएं अर्घ्य, सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास जलाएं दीपक


शुक्रवार, 15 नवंबर को कार्तिक मास का अंतिम दिन पूर्णिमा है। इस तिथि को देव दीपावली और त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहा जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर नदी स्नान, दान-पुण्य करने के साथ ही दीपदान करने की भी परंपरा है। माना जाता है कि इस पर्व पर किए गए धर्म-कर्म से अक्षय पुण्य मिलता है। अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य, जिसका असर जीवनभर बना रहता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, पौराणिक कथा के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नाम के असुर का वध किया था, इस वजह से इस तिथि को त्रिपुरारी पूर्णिमा कहते हैं। एक अन्य कथा के अनुसार हिन्दी पंचांग के आठवें महीने में कार्तिकेय स्वामी तारकासुर का वध किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव जी आठवें महीने का नाम कार्तिकेय के



नाम पर कार्तिक रखा था। कार्तिक पूर्णिमा पर दिन की शुरुआत सूर्य पूजा के साथ करनी चाहिए। सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद सूर्य को तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं। जल में फूलों की पत्तियां, चावल, कुमकुम भी डाल लेंगे तो बहुत अच्छा रहेगा। जल चढ़ाते समय ऊँ सूर्याय नम: मंत्र का जप करना चाहिए। पूर्णिमा तिथि पर गणेश पूजन के बाद भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का विशेष अभिषेक करना चाहिए। विष्णु-लक्ष्मी का अभिषेक दक्षिणावर्ती शंख से करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। पूजा में ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। तुलसी के साथ मिठाई का भोग लगाएं। इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध और पंचामृत चढ़ाना चाहिए। पंचामृत दूध, दही, घी, मिश्री और शहद मिलाकर बनाना चाहिए। पंचामृत चढ़ाने के बाद फिर से जल चढ़ाएं। बिल्व पत्र, हार-फूल, धतूरा चढ़ाएं। शिवलिंग पर चंदन का लेप करें। ऊँ नम: शिवाय मंत्र का जप करें। दीपक जलाकर आरती करें। पूजा में मिठाई का भोग लगाएं। कार्तिक पूर्णिमा पर पूजा-पाठ के साथ ही जरूरतमंद लोगों को अनाज, कपड़े, जूते-चप्पल, खाना और धन का दान करें।

nandgaon times 15nov-4.qxd 11/15/2024 12:02 AM Page 4






प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com